हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज


भोपाल, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 कार खड़े ट्रक में घुसी, दो शिक्षिकाओं की मौत, हाईवे...



09 कलेक्ट्रेट परिसर में गौवंश को घुसाने...



## खबर संक्षेप

### हरिशंकर परसाई की दुनिया का विमोचन 14 दिसम्बर को

**सागर।** डॉ. हरिसिंह गौर महाविद्यालय, सागर के पूर्व विभागाध्यक्ष हिन्दी- डॉ.मनोहर देवलिया की पुस्तक हरिशंकर परसाई की दुनिया का विमोचन और उस पर चर्चा का आयोजन दिनांक 14 दिसम्बर रविवार को दोपहर 1:30 बजे से वरदान होटल सभागार, सिविल लाइन्स,सागर से किया जाएगा। नगर की सक्रिय संस्था श्यामलम द्वारा सुप्रसिद्ध विद्वान पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर भोपाल के मुख्य आतिथ्य तथा लोकप्रिय व्यंग्यकार डॉ. सुरेश आचार्य की अध्यक्षता में होने जा रहे इस बौद्धिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध पत्रकार राजेश बादल, भोपाल सारस्वत अतिथि और इंक मीडिया इंस्टिट्यूट सागर के संचालक डॉ.आशीष द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के तौर पर व्याख्यान देंगे।

### रजौआ के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**सागर।** 69 भी राज्य स्तरीय कूदो प्रतियोगिता आर्मी पब्लिक स्कूल सागर में 6 दिसंबर से 10 दिसंबर तक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 वर्गों में विभिन्न संभागों के 346 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय रजौआ के छात्र मयंक चौधरी ने अंडर 19-52 किलोग्राम कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर सागर संभाग के साथ-साथ रजौआ स्कूल का भी मान बढ़ाया। साथ ही विद्यालय की छात्रा कुमारी प्रीति अहिरवार ने अंडर 17-44 किलोग्राम वर्ग कैटेगरी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन में नगर विधायक शैलेंद्र जैन, कूडो संगठन के अध्यक्ष डॉ एजाज खान, संभागीय संयुक्त संचालक एसपी बिसेन, आर्मी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य ज्योति दुबे, अंतर्राष्ट्रीय कूडो विजेता सोहेल खान ने अपनी गरिमा मई उपस्थिति से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। विजेता विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट एवं मैडल तो प्राप्त हुए ही हैं, भविष्य में स्पोर्ट्स कोटा अंतर्गत बोनस अंकों के साथ-साथ विभिन्न सुविधाओं की पात्रता भी प्राप्त रहेगी। विद्यार्थियों की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य जेपी सोनी सहित संपूर्ण स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया एवं यह कहा कि यह सब विद्यालय के पी.टी.आई. नमन मिश्रा की मेहनत का परिणाम है। विद्यालय में मयंक एवं प्रीति के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया ताकि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिल सके।

### एकता समिति ने शीलाबाई समैया को श्रद्धांजलि दी

**सागर।** एकता समिति के कोषाध्यक्ष, समाजसेवी नीलेश समैया की माताजी शीला बाई के निधन पर एकता समिति ने शोक संवेदना व्यक्त की । समिति ने दिव्य आत्मा की शांति सद्गति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर रशीद भाई, सुधीर जैन, कमलचंद जैन, शरद गुप्ता आदि रहे मौजूद।

निगमायुक्त ने निजी एवं शासकीय सम्पत्ति के बकाया सम्पत्तिकर की वसूली हेतु नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

# सम्पत्तिकर जमा न करने वालों पर नगर निगम अधिनियम की धाराओं के तहत सम्पत्ति कुर्की की कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

निगमायुक्त राजकुमार खात्री ने नागरिकों को बेहतर नागरिक सेवाएं व सुविधाएँ प्रदान करने हेतु नगर निगम की आर्थिक मजबूती के लिए वर्ष के आख़री माह दिसंबर महीने को राजस्व वसूली माह बताते हुए अभियान चलाकर अधिक से अधिक करों की वसूली के निर्देश नगर निगम के राजस्व विभाग को दिये थे। उक्त अभियान के तहत विगत दिनों निगमायुक्त ने मौक़े पर पहुंचकर दुकानें सील करने और मौक़े पर ही संपत्तिकर वसूली की कार्यवाही भी कराई। निगमायुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा सम्पत्तिकर, कचरा प्रबंधन शुल्क, जलकर, व्यवसायिक दुकानों का किराया आदि बकायादारों से वसूली तेज कर दी गई है। नगर पालिक निगम सागर अंतर्गत रहवासी, व्यवसायिक एवं अन्य निजी एवं शासकीय सम्पत्तियों की बकाया कर राशि जमा करने हेतु संबंधितों को नोटिस भी जारी किये जा रहे हैं। नोटिस में सम्पत्तिकर जमा करने हेतु निर्धारित समय सीमा में बकाया कर राशि जमा न करने पर नगर पालिक निगम अधिनियम की धाराओं के तहत नियमानुसार सम्पत्ति कुर्की की कार्यवाही की जाएगी।



### बड़े बकायादारों सहित शासकीय कार्यालयों को दिये गए नोटिस

सुप्रिडेंट गवर्मेंट आई टी आई- 32,08,533 रूपये, रेल्वे स्टेशन- 18,65,646 रूपये, बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज - 57,54,309 रूपये, पीडब्लू I अधिभोगी शासकीय क्वार्टर- 936156 रूपये, गर्ल्स डिग्री कॉलेज- 9,20,823 रूपये, सहोद्रा राय शासकीय पोलिटेक्निक कॉलेज - 7,52,506 रूपये, बी एमसी वॉयज हॉस्टल- 6,74,739 रूपये, जिला अस्पताल - 6,42,088 रूपये, हाईस कूल स्विडिस मिशन - 5,89,763रूपये, वन विभाग कॉलोनी - 5,67,761रूपये, जनजाति बालक छात्रावास कार्यालय- 5,60,318 रूपये, जनता स्कूल-5,03,020रूपये आदि बकायादारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।शोभाराम कालूराम - 10,33,082 रूपये, श्री जैन मंदिर ट्रस्ट कोठा मंदिर तारण तरण चैत्यालय - 15,56,944 रूपये, भाग्योदय तीर्थ धर्मार्थ ट्रस्ट-7,78,902 रूपये, सेठ भगवानदास शोभालाल जैन-5,12,224 रूपये, मणीभाई/भाडाजी भाई पटेल शिवा पेपर हॉउस - 4,41,459 रूपये, हरगुनदास/ सुंदर दास पंजवानी- 3,97,567 रूपये, गीता/उद्धवदास दरयानी- 3,67,294 रूपये, गुरूद्वारा वेदी अध्यक्ष हरवंश गुरूद्वारा कमेटी- 4,18,221 रूपये आदि बकायादारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने सम्पत्तिकर के सभी बकायादारों से अपील करते हुए कहा कि अपने बकाया सम्पत्तिकर को समय पर जमा करायें और नगर विकास में सहयोग करें।



## जिलें की बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराधों व भ्रष्टाचार के खिलाफ युवा कांग्रेस का आंदोलन जारी

**सागर।** जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था,बढ़ते अपराधों तथा नशीले पदार्थों, अनैतिक गतिविधियों व अवैध शराब, जुआ, सट्टा के पनप रहें कारोबार से जिले के युवा नौजवानों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोक पाने में पुलिस प्रशासन के नाकाम साबित होनें तथा भ्रष्टाचार व अनुसूचित जाति वर्ग व महिलाओं के साथ घटित हो रहे अन्याय, अत्याचार की घटनाओं के खिलाफ जिला युवा कांग्रेस का अनवरत आंदोलन जारी है । इसी क्रम में युवा कांग्रेसियों ने युवा कांग्रेस खुरई विधानसभा के बांदरी में जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप चौधरी एवं युवा कांग्रेस खुरई विधानसभा के अध्यक्ष अमन लोधी की अगुवाई में जमकर नारेबाजी कर बिगड़ती कानून व्यवस्था व बढ़ते अपराधों के खिलाफ तीखा आक्रोश व्यक्त कर पुलिस महा निदेशक के नाम 06 सूत्रीय ज्ञापन मौके पर मौजूद पुलिस के अधिकारियों को सौंपकर सागर जिले में पनप रही अवैध शराब, जुआ, सट्टा, नशीलें पदार्थों के कारोबार सहित पुलिस थानों की दोष पूर्ण कार्य प्रणाली की जांच एसआईटी का गठन कर निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही करने अनुसूचित जाति वर्ग की युवतियों के साथ मारपीट व अपमानित करनें की घटना की निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही व पीड़ितों को न्याय दिलानें की पुरजोर मांग उठाई।

## राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर दुर्घटनाओं के संबंध में केंद्रीय मंत्री गडकरी को पत्र लिखा

**सागर।** पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी को पत्र लिख कर स्वर्णिम चतुर्भुज फोर लेन क्रमांक 44 पर अधूरे निर्माण कार्य से दुर्घटनाओं के बढ़ते जोखिम के संबंध में पत्र लिख कर शीघ्रता से आवश्यक सुरक्षा उपायों हेतु निर्देश देने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि गत दिवस इस मार्ग पर बांदरी के निकट भीषण सड़क दुघर्टना में बम डिस्पोजल स्क्वाड के चार पुलिसकर्मियों की दुखद मृत्यु हो गई है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को भेजे पत्र में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि सागर जिले के मेरे विधानसभा क्षेत्र के बांदरी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर हाल ही में घटित भीषण सड़क दुर्घटना में बम डिस्पोजल स्क्वॉड के चार कर्मियों की दुःखद मृत्यु हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्घटना का मुख्य कारण अधूरा सड़क निर्माण, संकरे एवं असुरक्षित डायवर्जन तथा रात्रिकालीन सुरक्षा संकेतों का अभाव पाया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले एक माह में इस मार्ग पर लगभग 17 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जो स्थिति की गंभीरता को और अधिक स्पष्ट करती है। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर इस प्रकार की जोखिमपूर्ण स्थिति लगातार जन-जीवन के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है। पत्र में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से आग्रह किया है कि अधूरे मार्गों पर तत्काल सुरक्षित एवं मानक अनुरूप डायवर्जन, चेतावनी संकेत, प्रकाश व्यवस्था तथा बैरिकेडिंग सुनिश्चित कराने, और संबंधित निर्माण एजेंसी/ठेकेदार की लापरवाही की जाँच कर आवश्यक दायित्व निर्धारण और सुधारात्मक कार्रवाई करने की कृपा करें। आपके त्वरित हस्तक्षेप से राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी और भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं को प्रभावी रूप से रोका जा सकेगा।

## मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की ली जानकारी

**सागर।** मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कांग्रेसजनों के साथ नगर पालिका मकरोनिया क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की विस्तारित जानकारी ली। इस दौरान पूर्व मंत्री चौधरी ने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित बीएलओ व निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी व कर्मचारियों से प्रत्येक मतदान केंद्र वार एएसडीआर सूची को देखा तथा उक्त सूची में शामिल अनुपस्थित मतदाता, शिफ्टेड मतदाता,मृत मतदाता व डबल मतदाताओं की विस्तारित जानकारी लेते हुए कहा कि सभी मतदान केन्द्रों की मतदाता सूची में शामिल मतदाताओं के गणना पत्रक फॉर्म भरने व सभी मतदाताओं को उनके फॉर्म की पावती उपलब्ध कराने की बात कही।



## शहर की यातायात व्यवस्था व स्वच्छता में बाधक कटरा बाजार में सड़क पर लगाई गई दुकानों की सामग्री जब्त

### *कोई भी व्यक्ति स्थाई निर्माण कर दुकान न लगाएं अन्यथा कार्रवाई होगी*



हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने और बाजार क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार सुबह नगर निगम आयुक्त श्री राजकुमार खत्री ने कटरा बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क पर अतिक्रमण कर अस्थाई दुकान लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई तथा फुटपाथ एवं सड़क पर फैली दुकान सामग्री को निगम दल द्वारा मौके पर ही जप्त कर लिया गया।

निगमायुक्त ने बताया कि मुख्य बाजार क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण के कारण नागरिकों को आवागमन में कठिनाई होती है और यातायात प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि सड़क एवं फुटपाथ पर स्थाई निर्माण कर दुकानें लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। कोई भी व्यक्ति यदि बाजार क्षेत्र में स्थाई रूप से ढांचा खड़ा कर व्यापार करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी और संबंधित सामग्री जप्त की जाएगी।खत्री ने सभी दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि बाजार क्षेत्र में निर्धारित पीली लाइन के पीछे ही अस्थायी रूप से दुकान लगाई जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि दुकान लगाने के बाद शाम के समय पूरी सामग्री एवं हाथठेला वापस घर ले जाना अनिवार्य है। बाजार में रातभर किसी भी प्रकार का ठेला, गुमटी या सामग्री छोड़ने पर निगम प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगा।निगमायुक्त ने बताया कि शहर की सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण से जहां जाम की स्थिति बनती है, वहीं स्वच्छता की व्यवस्था भी प्रभावित होती है। ऐसे में शहर को साफ-सुथरा रखने और यातायात को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए सभी दुकानदारों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन का उद्देश्य किसी व्यक्ति को परेशान करना नहीं है, बल्कि शहर की व्यवस्था को और बेहतर बनाना है।

## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.

क्र./नामा./रा.वि./न.नि./2025- 26 /37 — **सूचना** — सागर दिनांक 08/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम, सागर के नाम प्रस्तुत कर सकते हैं।

| प्रकरण क्रमांक | वार्ड का नाम म.न./प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतदाता/दानदाता/ वंशानुक्रम द्वारा | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|
| 1471 25/26 | सूबेदार | रजि बैनामा, शपथ पत्र | शीतल डिवेल. एंड कॉलोना. रोज इंक्लेव पार्ट- दीपक पिता काशीराम खटीक राहुल पिता कमलेश्वर प्रसाद केशरवानी एवं बृजेश कपमा धनी राम साहू | आज्यासो बबन पटिल वल्द बबन पटिल |
| 1472 25/26 | लक्ष्मीपुरा | रजि बैनामा, शपथ पत्र | संजय प्रसाद वीरेंद्र कुमार एवं ज्योति पति संजय समैया | लवली पति शरद सोनी |
| 1473 25/26 | नरयावली नाका | रजि बैनामा, शपथ पत्र | मुन्नालाल, द्वारका प्रसाद, अरविंद, संतोष पिता स्व. मूलचंद एवं सविता पति गोविंद चंद्रकांत, सूर्यकांत पिता स्व. गोविंद साहू | संतोष पिता मूलचंद साहू |
| 1474 25/26 | वाघराज | रजि बैनामा, शपथ पत्र | विजय कुमार पिता चन्दीराम मंसनी | सीमा पटेल पति मोहन सिंह कुर्मी |
| 1475 25/26 | वाघराज | रजि बैनामा, शपथ पत्र | मेसर्स आसन एजुटेक एंड इंफ्राकान प्राई. लिमि. द्वारा- आदित्य सिंह एवं आकाश सिंह दोनों पिता गोविंद सिंह राजपूत | राहुल कुमार पिता नारायण प्रसाद नामदेव |
| 1476 25/26 | विवेकानन्द | रजि बैनामा, शपथ पत्र | प्रमोद, विनोद, संतोष पिता विष्णु आर्य | अनिल कुमार पिता स्व. रघुवीर प्रसाद सोनी |
| 1477 25/26 | शास्त्री | मृत्यु- प्रमाण पत्र रजि. बैनामा, शपथ पत्र | गोवर्धन पिता रतनलाल अहिरवार | हरिबाई पति स्व. गोवर्धन एवं मनीष, गौरव, नीरज, छोटेलाल, प्रेम रानी, पूरन पिता स्व. गोवर्धन अहिरवार |
| 1478 25/26 | गुरूगोविन्द | मृत्यु- प्रमाण पत्र रजि. बैनामा, शपथ पत्र | जीतसिंह पिता बुद्धसिंह खंडपुरे | सतनाम सिंह, कुलदीप सिंह, जसविंदर सिंह कौर पिता स्व. जीतसिंह खण्डपुरे |
| 1479 25/26 | चकराघाट | रजि बैनामा, शपथ पत्र | गणेश सिंह, वीरेंद्र सिंह एवं गोपाल सिंह सभी पिता बाबूलाल ठाकुर | यशोदा पति नाथूराम सोनी |
| 1480 25/26 | शिवाजी | रजि बैनामा, शपथ पत्र | नगर पालिका निगम सागर | रैना पति अनुराग सोनी |

**आयुक्त , नगर पालिक निगम, सागर**

उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर
प्रत्यर्थी को अपील की सूचना ( नोटिस )
( अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14 )
अपील क्रमांक-MA/3284/2024
**Process Id: 251145/2025**
THE NEW INDIA ASSURANCE COMPANY CO. LTD.
अपीलार्थी
SUNIL, प्रत्यर्थी

सन् 2020 के **MACC** क्रमांक-324 सन् 2020 में न्यायालय **Member, 2nd Addl. MACT SHRI SHIV BALAK SAHU, SAGAR (Madhya Pradesh)** की डिक्री/आदेश, दिनांक 26-09-2023 के विरूद्ध अपील।

प्रति,
**Sunil S/o Radheylal Gupta, Resident of Somnathpuram Police Station Motinagar District Sagar, District- Sagar, Madhya Pradesh**
प्रत्यर्थी,

अपील की सुनवाई का दिनांक - कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री **Appellant** द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 13/01/2026 नियत की गई है। आपत्तियाँ, प्रति आपत्तियाँ, यदि कोई हो, इस सूचना ( नोटिस ) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक- कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 13/01/2026 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें । सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।

सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :-
1 ) कागज का विवरण ( दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या ) ( 1 ), ( 2 ) पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है ( यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें ) ( 2 ), ( 3 ) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ ( कार्यालय में भरा जाय ) ( 3 )। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 13/01/2026 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं । आज दिनांक ........ को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।

**प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा**

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पु[illegible]नीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से महिला की मौत

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरारी रजवारा में मंगलवार शाम खेत पर दवाई डालते समय एक महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 37 वर्षीय रंजना पत्नी भुजबल अपने पति के साथ खेत में कार्य कर रही थीं, तभी सर्प ने पैर में काट लिया। रात में हालत बिगड़ने पर परिजन जिला मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

### पेपर देने गई बालिका हुई गायब

**ललितपुर।** कस्बा मड़ावरा में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 9 दिसम्बर को अपराह्न 2 बजे उसकी 21 वर्षीय भतीजी को लेकर वह पेपर दिलाने दीपचंद्र चौधरी कॉलेज ललितपुर आया था, जिस पर उसकी भतीजी पेपर देने के लिए अपराह्न 2.30 बजे दीपचंद्र कॉलेज के अंदर चली गयी। शाम करीब 4.30 बजे जब छुट्टी हुयी तो उसकी भतीजी कॉलेज के अंदर से बाहर नहीं आयी। काफी देर इंतजार करने के बाद, उसने कॉलेज के अंदर जाकर देखा, जहां पता चला कि 4.16 पर उसकी भतीजी कॉलेज से बाहर आ गयी थी, जिसके बाद वह नहीं मिली। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा 87 के तहत सूचना दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बीएलओ का सरकारी दस्तावेज भरा बैग गायब

**ललितपुर।** मोहल्ला सुभाषपुरा की आंगनबाड़ी कार्यकत्री भागवती कुशवाहा पुत्र स्व.महेश कुशवाहा जो कि वर्तमान में बूथ लेबिल ऑफीसर (बीएलओ) पद पर कार्यरत है। भागवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 1 दिसम्बर को सुबह करीब 7 बजे वह अपने घर में ऊपरी मंजिल में सफाई कार्य के लिए गयी थी। वापस आकर उसने देखा कि उसका ऑफिस बैग अपनी जगह से गायब था। इस ऑफिस बैग में सरकारी दस्तावेज, आंगनबाड़ी का टी.एच.आर. विवरण रजिस्टर, एच.सी.एम.इण्डियन बैंक की चेकबुक है, जिस पर उसके हस्ताक्षर नहीं थे और सर्व यू.पी. ग्रामीण बैंक की पासबुक है। आधार कार्ड, पेन कार्ड व कुछ नकदी रुपये के अलावा अन्य सरकारी दस्तावेज थे, जिसकी उसने काफी खोजबीन की, लेकिन वह बैग नहीं मिला। काफी परेशान है।

### पुलिस ने क्रेन की मदद से परखच्चे उड़ी वैन को सड़क से हटवाया

# कार खड़े ट्रक में घुसी, दो शिक्षिकाओं की मौत, हाईवे पर लग गया जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

महिला शिक्षिकाओं से भरी मारूति ओमनी हाई-वे पर खड़े ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में एक शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरी महिला शिक्षिका ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

इस घटना के बाद से शिक्षक वर्ग में शोक लहर है। सूचना मिलने पर तालबेहट कोतवाली प्रभारी मनोज मिश्रा ने मौके पर पहुंच कर राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया, जहां हालत नाजुक होने पर शिक्षकों को झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। इधर घटना के बाद हाई-वे पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी, जिससे वाहनों की लम्बी कतारें लग गयीं। पुलिस ने क्रेन मशीन की मदद से परखच्चे उड़ी वैन को सड़क से हटवाकर जाम खुलवाया। गौरतलब है कि झांसी से प्रतिदिन कई शिक्षक-शिक्षिकाएं ललितपुर स्थित परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाने के लिए आते जाते हैं। झांसी निवासी 36 वर्षीय आरती शर्मा ललितपुर जिले के विकास खण्ड तालबेहट अंतर्गत बिजरौठा गांव के प्राईमरी विद्यालय भंवरकली में पदस्थ थी। उनके साथ कई शिक्षिकाएं भी ललितपुर आकर विद्यालयों में पठन-पाठन का कार्य कराती थीं। प्रतिदिन की तरह बुधवार को वह मारुति वैन संख्या यू.पी.93 बी.जी. 4379 से ललितपुर आ रहीं थीं।

### वैन के ऊपर का छप्पर उड़ गया

आरती शर्मा के साथ वैन में चार अन्य शिक्षिकाओं में 40 वर्षीय आरती साहू, आरती देवी, 35 वर्षीय ज्योति सुन्दरानी व 32 वर्षीय सुभाषिनी साहू भी शामिल थीं। शिक्षिकाओं से भरी ओमनी को झांसी के हंसारी निवासी 37 वर्षीय हरीसिंह चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 9 बजे तालबेहट कस्बा के पास माताटीला तिराहा के पास हाई-वे पर ओमनी कार ट्रक से जा टकराई। काफी तेजी से भाग रही ओमनी सीधे ट्रक के पीछे जा घुसी, जिससे वैन के ऊपर का छप्पर उड़ गया। वैन की अगली सीट पर बैठी शिक्षिका आरती शर्मा की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि पिछली सीट पर बैठी सभी शिक्षिकाएं गंभीर रूप से घायल हो गयीं। स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां शिक्षिका ज्योति सुन्दरानी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं अन्य घायल शिक्षिकाओं को उपचार के लिए झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। वहीं ड्राईवर की हालत भी गंभीर बनी हुयी है।

### बिना ट्रांसपोर्ट पंजीयन के भाड़े पर फर्राटे भर रहीं ओमिनी और ईको

जिले की सीमाएं करीबन 60 से 70 किमी के दायरे में फैली हुयी हैं। लिहाजा दूरस्त क्षेत्रों में स्थित परिषदीय विद्यालयों में अध्यापन कार्य कराने के लिए तैनात किये गये शिक्षक-शिक्षिकाएं गांवों में रहकर पठन-पाठन का कार्य तो कराती नहीं होंगी। मुख्यालय में निवासरत कई शिक्षक और शिक्षिकाएं प्रतिदिन निजी या मासिक भाड़े पर चलने वाले वाहनों से आवागमन करतीं हैं। दूरस्त ग्रामीण अंचलों में स्थित परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक-शिक्षिकाओं को लाने-ले जाने के लिए बिना ट्रांसपोर्ट पंजीयन के दर्जनों वाहन फर्राटे भर रहे हैं। हालांकि ऐसा भी नहीं है कि इसकी जानकारी सम्बन्धित परिवहन विभाग को न हो, लेकिन कार्यवाही न होने के चलते कई लोग बिना ट्रांसपोर्ट परमिट के ही निजी वाहनों का उपयोग कर रहे हैं, जो कि नियमानुसार भी गलत है और किसी अनहोनी के घटित होने पर कार्यवाहियों में भी खामियां रह जाती हैं। गौरतलब है कि ललितपुर जिले की सीमाएं विकास खण्ड मड़ावरा के दूरस्त लखन्जर-पापरा, महरौनी से सड़कौरा वार्डर और बानपुर के अलावा तालबेहट में झररघाट तक फैली हुयीं हैं। सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाले परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रतिदिन आवागमन के लिए निजी वाहन या फिर प्राईवेट वाहन को मासिक भाड़े पर किये हुये हैं। मासिक भाड़े में लगे वाहन ट्रांस्पोर्ट के तहत पंजीयन होना अनिवार्य है, जिनकी नम्बर प्लेट पीले रंग की होनी चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं है, कुछ लोग अपने निजी वाहन मारूति ओमनी, ईको इत्यादि वाहन को इस कार्य में उपयोग कर रहे हैं। इतना ही नहीं सूत्र बताते हैं कि एक कार में आधा दर्जन से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके विद्यालय तक पहुंचाने और विद्यालय से मुख्यालय तक लाने के नाम पर प्रति माह 4 से 6 हजार रुपये वसूल किये जा रहे हैं। ऐसे में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा ऐसे वाहनों की नियमित जांच न होने के कारण नियमों की अनदेखी हो रही है।

### जैन संस्थाओं ने किया वितरण

# कंबल पाकर वंचितों व बालकों के चेहरों पर आई मुस्कान



**ललितपुर।** ठिठुरती सर्दी से निर्बल, निर्धन जनों को राहत देने के लिए जैन इंजिनीयर्स सोसाइटी, आराध्य धाम परिवार, सखी संस्थान, अमृता पाठशाला परिवार ने मिलकर वंचितों व बच्चों को कम्बल प्रदान किये। अमृता पाठशाला, आराध्य धाम जैन मंदिर व धौज में अमृता फार्म हाउस में आयोजित कार्यक्रमों में कम्बल वितरण कार्यक्रम समाज के विशिष्ट जनों द्वारा किया गया। आराध्य धाम मंदिर में पूज्य आचार्य श्री अरुण सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर राकेश सल्होत्रा, मंजू सल्होत्रा व अन्य अथितियों ने गुरुवर के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। आस पास कार्यरत 50 से अधिक निर्बल परिवारों को ठिठुरती सर्दी से राहत दिलाने के लिए सभी संस्था के सदस्यों व उनके परिवारों ने कम्बल प्रदान किये।

अमृता हॉस्पिटल परिसर में मजदूरों के बच्चों की अमृता पाठशाला में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी एकमृता नंद, कर्नल गोपाल कृष्णन व इंजी. अरुण जैन के द्वारा सभी बच्चों को सुन्दर कम्बल दिए गये। छोटे छोटे बच्चों ने अपने नन्हे हाथों में भारी कंबलो का बोझ आनंद से उठाया। धौज में कार्यरत मजदूरों को श्री सुभाष चौहान ने कम्बल प्रदान किये। फ़रीदाबाद में ही गरीब बस्तियों में उनके घरों में संस्था के सदस्यों ने जाकर उन्हें कम्बल दे सुखद आश्चर्य दिया। विभिन्न स्थानों पर कम्बल देने से बहुत सारे निर्धन व जरुरत मंद परिवारों को सर्दी से राहत दिलाने का प्रेरक प्रयास किया गया। कार्यक्रम में सहयोग करने वालों में सत्यानंद मिश्रा, प्रमोद कुमार,कर्नल गोपाल कृष्णन, डॉ सुभाष जैन, सुरेंद्र जैन, अभिनव जैन, मनोज जैन, महेश जैन, डी. के. जैन, अंकित जैन, गोपाल कृष्णन, प्रिया, शकिंशु आदि सम्मलित हैं। अरुण जैन ने सेवा कार्य में सहभागिता हेतु सबका आभार व्यक्त किया।

### कैंपस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

# प्राकृतिक विधि से गेहूं उत्पादन तकनीक बताई

**ललितपुर** । दैलवारा कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा विकासखंड जखौरा के ग्राम दैलवारा में वरिष्ठ वैज्ञानिक और केंद्राध्यक्ष डॉ. मुकेश चंद के नेतृत्व में प्राकृतिक विधि से गेहूं की उत्पादन तकनीक पर एक दिवसीय ऑफ कैम्पस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। डॉ. दिनेश तिवारी, विषय वस्तु विशेषज्ञ-सस्य विज्ञान ने बताया कि गेहूं की पारंपरिक/रसायनयुक्त खेती से मृदा का स्वास्थ्य खराब होने के साथ ही साथ गुणवत्ता विहीन उत्पादन मिल रहा है। जिसके उपभोग से स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है। गेहूं की लागत भी 35000 से लेकर 45000 व्यय करना पड़ता है। गेहूं की प्राकृतिक खेती कर किसान अपने फसल की लागत को कम करके रसायन मुक्त अच्छी गुणवत्ता का उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. तिवारी ने देशी गाय के मूत्र और गोबर और लोकली उपलब्ध पेड़



पौधों की पतियोंध पूर्व की फसलों के अवशेष से बायोमास मल्च (खरपतवार नियंत्रण और उचित नमी और तापक्रम बनाए रखने हेतु) बीजामृत (बीज शोधन हेतु), जीवामृत और घन जीवामृत (पोषक तत्वों का प्रबंधन हेतु), नीमास्त्र दशपणी अर्कध अग्निअस्त्र (कीट नियंत्रण हेतु), सोठाखट्टी छांछ (बीमारी नियंत्रण हेतु) की विधवत जानकारी दी गई। केंद्राध्यक्ष ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम दैलवारा, जखौरा में प्राकृतिक खेती विषय पर गेहूं उत्पादन तकनीक को अधिक से अधिक किसान भाई के अपनाने की सलाह दी क्योंकि मानव स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए गुणवत्ता युक्त रसायन मुक्त खेती करने की आवश्यकता है ताकि आज जनमानस को रसायनों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभाव से बचाया जा सके। इसके लिए एक एकड़ में प्राकृतिक खेती सभी किसानों को करने पर बल दिया। इससे न केवल प्राकृतिक गेहूं उत्पाद के इस्तेमाल से न केवल किसान परिवार स्वस्थ्य रहेगा साथ ही साथ जो लोग इसका इस्तेमाल करेंगे उनका स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। प्राकृतिक उत्पादों के विक्रय से रसायन युक्त उत्पादन की तुलना में अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। खेती में कांच और यूरिया से बढ़ रही लागत को भी कम किया जा सकता है। संदीप पटैरिया, नरेंद्र कुमार, गंगाराम सहित सहित 30 प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग किया।

### मड़ावरा तहसील क्षेत्र के गांव सैदपुर का मामला

# खाद न मिलने का हवाला दे किसानों ने लगाया जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मड़ावरा तहसील क्षेत्र के ग्राम सैदपुर में बुधवार दोपहर करीब 11 बजे कुछ किसानों ने साधन सहकारी समिति सैदपुर पर यूरिया खाद न मिलने का हवाला देते हुए सड़क जाम कर दी। जिससे कुछ समय के लिए यातयात बाधित हो गया और दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गईं। सड़क जाम की सूचना मिलने की पर पुलिस और उप जिलाधिकारी मड़ावरा शैलेन्द्र कुमार चौधरी मौके पर पहुंचे और तत्काल जाम को खुलवाया गया। जिसके बाद यातयात व्यवस्था बहाल हो सकी। उप जिलाधिकारी ने बताया कि साधन सहकारी समिति सैदपुर पर तैनात सचिव किसी कार्य से थाने तक गया हुआ था। जिस वजह से कुछ समय के लिए यूरिया खाद का वितरण बंद हो गया था। इसी बीच शराब के नशे में धुत कुछ लोगों ने किसानों को जाम लगाने के लिए उकसा दिया। जिसके चलते कुछ किसानों ने मड़ावरा- ललितपुर मार्ग स्थित मंडी के समीप जाम लगा दिया था। जैसी ही जाम की सूचना मिली तो मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाया और जाम खुलवा दिया गया। इसके अलावा साधन सहकारी समिति पर यूरिया खाद का वितरण भी शुरू करा दिया गया। समिति खाद कम मात्रा में होने के कारण सभी किसानों को 2-2 बोरियां वितरण के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रकरणों की समीक्षा की

# एसपी ने मीट कर पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गूगल मीट के माध्यम से राजपत्रित अधिकारियों, थाना व चौकी प्रभारियों के साथ गूगल मीटिंग कर मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर सेल, आईजीआरएस आदि प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर शिकायतों का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में जिले के थानों पर नियुक्त समस्त मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी को निर्देशित कर महिला सम्बन्धित अपराधों की रोकथाम करने तथा प्राप्त शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुये नियमानुसार उचित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने, पंजीकृत अभियोगों में शीघ्र गुण-दोष के आधार पर नियमानुसार समयबद्ध विवेचनात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करे।

मिशन शक्ति केन्द्र के रजिस्टरों का निर्धारित प्रारूप में तैयार करने, उचित रख-रखाव करने, रजिस्टरों को अध्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया। मिशन शक्ति केन्द्र में प्राप्त शिकायत को निर्धारित रजिस्टर में विवरण अंकित करने तथा कम्प्यूटर पर संबंधित पोर्टल पर फीड करने हेतु निर्देशित किया गया है। महिला सुरक्षा एवं सम्मान से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित रूप से नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित कर मिशन शक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। महिला सम्बन्धी अपराधों से सम्बन्धित विवेचनात्मक कार्यवाही में



वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन एफएसएल, सर्विलांस, साइबर आदि से सम्बन्धित साक्ष्यों का अनिवार्य रूप से सम्मिलित करना सुनिश्चित करें। सभी मिशन शक्ति केन्द्र के लिये सीयूजी नम्बर आवंटित किया गया है, जिसका व्यापक प्रचार प्रसार करने तथा प्राप्त शिकायतों का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि वह नियमित रूप से एण्टीरोमियों की टीम द्वारा की जा रही चेकिंग का मानिटरिंग करना सुनिश्चित करें। मिशन शक्ति फेज-5.0 के दृष्टिगत प्रतिदिन स्कूलों, कालेज, बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थान, पार्कों में जाकर महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के सम्बन्ध मे निर्देश दिये।


साथ ही महिलाओं, बालिकाओं को आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन आदि के बारे में जागरूक करने हेतु निर्देशित किया। मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी व समस्त टीम को निर्देशित किया गया कि महिला सम्बन्धी अपराध से सम्बन्धित पीड़िता, आवेदिका की सभी दृष्टिकोण से उचित काउन्सिलिंग करना सुनिश्चित करें। साइबर क्राइम सेल को निर्देशित किया गया कि साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों के खातों से धोखाधड़ी पूर्वक निकाली गई धनराशि से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही जैसे बैंक खातों में डेबिट फ्रीज कराना, बैंक व अन्य वित्तीय एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर धोखाधड़ी हुयी धनराशि को पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराया जा सकें। फ्रॉड हुये लाइन करने के लिये अपनायी जाने वाली एसओपी के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी तथा उसका अक्षरश-अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी के प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही अमल में लायी जा सकें।

मोबाइल नम्बर, ईएमआईएमआई नम्बर, अनब्लॉकिंग के सम्बन्ध में निर्धारित एसओपी का अनुपालन करते हुए कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। इनट्रिम कम्पलेन, रिजिंग रिक्वेस्ट के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित थाना, जनपद स्तरीय साइबर क्राइम सेल को निर्देशित किया शिकायतों का त्वरित रूप से संज्ञान लेकर सम्बन्धित पोर्टल डेटा डालें।

### जिला पंचायत ने लगाई रोक

# पिसनरी बाग में जिला पंचायत की भूमि पर कब्जा

**ललितपुर।** पिसनारी बाग की मुख्य रोड के किनारे चल रहे अवैध बाउंड्री वॉल निर्माण पर जिला पंचायत के ऐतराज के बाद रोक लगा दी गयी है। पुरानी जखौरा-राजघाट सडक़ पर शिवनारायण संज्ञा पुत्र देवी प्रसाद संज्ञा निवासी महावीरपुरा द्वारा न्यायालय में विचाराधीन विचारकाल में जबरन नाजायज कब्जा करके उस पर निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में रोक लगाने के लिए सदर एसडीएम और कोतवाली निरीक्षक को पत्र भेजा है। बताया गया कि शासन एवं उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के क्रम में किसी भी सरकारी सम्पत्ति पर अवैध कब्जा यदि किया गया है अथवा किया गया हो तो तत्काल हटाने के निर्देश भी है बावजूद जिला पंचायत की सम्पत्ति जो शासकीय सम्पत्ति पर किये गये



अवैध कब्जा/निर्माण पर प्रभावी कार्यवाही प्रशासन द्वारा नहीं की गयी। पत्र भेजे जाने के बाद उक्त निर्माण कार्र्य बंद करा दिया गया है। प्रकरण के संदर्भ में जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने बताया है कि उक्त भूमि जिला पंचायत के स्वामित्व की है और इस पर किसी प्रकार कब्जा या अवैध निर्माण बर्दाश्त नही किया जायेगा और इसीलिए शासकीय हित में उक्त निर्माण कार्य बंद करा दिया गया है।

### दिल्ली सैकड़ों कांग्रेसी जाएंगे

# वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में भाग लेंगे कांग्रेसी

**ललितपुर।** कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कोर कमेटी की अहम बैठक सम्पन्न हुईं, जिसमें आगामी 14 दिसम्बर को दिल्ली में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ विशाल रैली मै जनपद से भी सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी दिल्ली जायेंगे। अध्यक्षता करते हुये जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि जिस प्रकार आज के दौर में फर्जी वोटिंग करके देश के लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रहे, वह देश के लिए व लोकतंत्र के लिए भारी नुकसानदेय है। देश के जननेता राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली आयोजित रैली का यही उद्देश्य है कि देश में जिस प्रकार सरकार ई.वी.एम. व एस.आई.आर. में गड़बड़ी करके, जिस प्रकार लोकतंत्र को हानि पहुंचा रहे है उसके विरोध में आयोजित रैली को सफल बना कर भारत के लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करे तथा वोट चोरो से देश को छुटकारा प्रदान करे। बैठक में पूर्व प्रदेश सचिव जसपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, नेहा तिवारी, खलक सिंह राजपूत, रामसिंह यादव, बृजेश शांडिल्य आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे ने किया। दिल्ली जाने वाले पदाधिकारियों ने सहमति जताई है पदाधिकारियों के आलावा है जिला प्रभारी मुकुटसिंह, अजय तिवारी, आशाराम तिवारी, बृजेश शांडिल्य, सुशील रजक, दीपक रायकवार, पुष्पेंद्र सिंह, रतिराम कुशवाहा, सुरेन्द्र सेन, पवन विश्वकर्मा, मोहनसिंह चंदेल, उदलसिंह चंदेल, राकेश सेन, अखिलेश मलईया, सूर्यप्रताप सिंह, अभिषेक सिंघई, रब्बी राजा, रविराजा शामिल हैं।

### मेगा कृषि आउट रीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# सरकार प्रायोजित योजना में 22.45 करोड़ का ऋण बांटा



**ललितपुर** । मंडल कार्यालय पंजाब नैशनल बैंक, अग्रणी बैंक ललितपुर द्वारा विकास भवन सभागार, ललितपुर में मेगा कृषि आउट रीच कार्यक्रम का आयोजन मंडल प्रमुख राज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। मंडल प्रमुख ने बैंक के विजन को बताते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य हर उस ग्राहक तक पहुँचने का है जो कृषि या उससे जुड़ी गतिविधियों से जुड़कर अपनी समृद्धि के रास्ते खोलना चाहता है हमारा बैंक हर कदम पर उसके साथ खड़ा है और उसको आर्थिक मदद करना चाहता है इसी के लिए इस तरह के आयोजन देश भर में किए जा रहे हैं सरकार के विकसित भारत के लक्ष्य को तब तक पूरा नहीं किया जा सकता है जब तक हमारे देश का किसान और महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त न हों हमारा बैंक किसानों के लिए विभिन्न प्रकार कृषि ऋण और उससे जुड़े उपकरण और सभी रोजगार परक जैसे मुर्गी पालन, मछली पालन, वेयर हाउस, मधुमक्खी पालन, स्वयं सहायता समूह आदि के लिए ऋण उपलब्ध कराता है। पंजाब नैशनल बैंक ने अभी तक 1033 करोड़ के ऋण उपलब्ध कराएं है और उसमें से 839 करोड़ के कृषि ऋण हैं जो कुल ऋण का लगभग 81 प्रतिशत है सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं में भी हमारा बैंक हमेशा अग्रणी रहता है अभी तक ललितपुर जिले में प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 1669, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 11772 और अटल पेंशन योजना में 5203 लाभार्थियों को कवर किया है।

### पंजाब नैशनल बैंक की सराहना की

मुख्य अतिथि सत्यप्रकाश जिलाधिकारी कहा, ने पंजाब नैशनल बैंक द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना की और आह्वान किया कि इस तरह के आयोजन की तीव्रता और बढ़ाना चाहिए और ब्लॉक स्तर भी इस तरह के आयोजन किए जाने चाहिऐ समृद्ध किसान हमारे देश की विकसित अर्थव्यवस्था का प्रतीक है तभी प्रधान मंत्री की विकसित भारत की संकलपना पूरी होगी कृषि आधारित ऋणों को त्वरित निस्तारित करें और सभी ग्राहक अपने द्वारा लिए गए ऋणों को जमा करें और अपनी क्रेडिट स्कोर को सुधार कर अपने ऋणों की राशि बढ़ाकर अपने व्यापार और कृषि आधारित व्यवसाय को बढ़ावा दें बैंक से ऋण लें और ग्रामीण सेठ साहूकारों के चुंगल से मुक्ति पाएँ बैंक द्वारा जारी सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

### लाभार्थियों के ऋण संवितरित करें

मुख्य विकास अधिकारी शेष नाथ ने बैंक स्टाफ को सुझाव देते हुए कहा कि वे सभी लाभार्थियों के ऋण संवितरित करें और सभी संभावित ग्राहकों को सभी आवश्यक दस्तावेजों की उचित जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं इस आयोजन में कृषि विज्ञान अनुसंधान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक मुकेश चंद ने कृषि आधारित योजनाओं की जानकारी दी और सभी उपस्थित नारी शक्ति का आह्वान किया कि वे अपने परिवार को सशक्त और संबल बनाएं। इस कार्यक्रम में अतिरंजन सिंह, जिला विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी दीपक यादव, अग्रणी जिला प्रबन्धक ललितपुर रंजीत कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ भगवान सिंह, डीडीएम नाबार्ड सलिल अर्कवंशी कमलेश सरन,वरिष्ठ प्रबन्धक मुकेश पटेल, चित्रांशु और ललितपुर जिले की शाखाओं के शाखा प्रभारी, कृषि अधिकारी और सम्मानीय ग्राहक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा प्रबन्धक जीतेंद्र कुमार अहिरवार और मुख्य अतिथि और सभी प्रशासनिक अधिकारियों और सम्मानित ग्राहकों का धन्यवाद ज्ञापन अग्रणी जिला प्रबन्ध करंजीत कुमार ने किया।

### प्रशासन ने बंद किए गेट तो विधायक गेट पर चढ़कर करने लगे नारेबाजी

# कलेक्ट्रेट परिसर में गौवंश को घुसाने प्रशासन से उलझे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

गुरुवार को कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल और कांग्रेस नेताओं सहित कुछ ग्रामीण हाथों में डंडे लिए बाजार से गौवंश को हांक कर शिवपुरी रोड की ओर ले जाते दिखे। कांग्रेसी नारे लगा रहे थे कि गौवंश की रक्षा करो उन्हें रहने के लिए गौशाला का इंतजाम करो। गौवंश को आगे ले जा रहे ग्रामीण और कांग्रेसी नेताओं का कहना था कि यह गौवंश किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। किसानों की मेहनत से सींची गई फसल को खाकर बर्बाद कर रहा है। इन निराश्रित गौ वंश को रखने के लिए गौशालाएं तक संचालित नहीं हैं। गायों को हांक रहे नेता और ग्रामीण बोल रहे थे कि जब तक गौवंश के लिए गौशाला का इंतजाम नहीं हो जाता तब तक वह गौवंश को कलेक्ट्रेट परिसर में ही रखेंगे। आमजन जिस परेशानी से गुजर रहा है उस परेशानी से प्रशासनिक अधिकारी भी गुजरने चाहिए। लेकिन कांग्रेसी गौवंश को कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर घुसाते उसके पहले ही प्रशासन ने कलेक्ट्रेट परिसर के गेट बंद करवा दिए। यहां कांग्रेसी प्रशासन से उलझ भी गए। इस दौरान विधायक जंडेल प्रशासन के द्वारा बंद कलेक्ट्रेट परिसर के गेट पर चढ गए और नारेबाजी करने लग गए। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी, पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एडवोकेट योगेश जाट आदि मौजूद रहे।



#### सूचना मिलते ही लगाए कलेक्ट्रेट के गेट

जिस गोवंश को लेकर कांग्रेसी और ग्रामीण कलेक्ट्रेट परिसर में घुसाने के लिए लेकर पहुंचे थे वह गोवंश पांडोला गांव से लाई जाना बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में इस समय चना, गेहूं की फसल बोई गई है जो अब जमीन से निकलकर लहलहाने लगी है। जिसे गौवंश के झुंड के झुंड चरकर बर्बाद कर रहे हैं जिसके कारण किसानों की खून पसीने से सीची फसल आंखों के सामने बर्बाद हो रही है। जिसके चलते ग्रामीण गोवंश को घेर कर जंगल में ले जाकर छोड़ रहे हैं यह पहला अवसर नहीं है जब गोवंश को जंगल में छोड़ रहे हैं इससे पहले भी किसान गोवंश को जंगल में छोड़कर आ चुके हैं लेकिन यह समस्या खत्म नहीं हो रही है इस मामले में विधायक और कांग्रेस नेताओं ने शामिल होकर गौवंश को जंगल में ले जाने के बजाए कलेक्ट्रेट परिसर में घुसाने का प्रयास किया जहां प्रशासन और कांग्रेसियों के बीच उस समय खींचतान की नौबत आ गई। जब प्रशासन ने कलेक्ट्रेट के गेट लगा दिए गेट के बाहर पुलिस तैनात कर दी। इस दौरान विधायक बाबू जंडेल गेट पर चढ़ गए और नारे बाजी करने लगे। यहां प्रदर्शन करने के बाद कांग्रेस ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जिसमें बंद पड़ी गौशालाओं को चालू करने की मांग की।



#### फसले हो रहीं हैं चौपट

कमलनाथ सरकार के समय जो गौशालाएं बनी हैं उनमें ताले डाले हुए हैं। इन गौशालाओं को चालू कर उनमें निराश्रित गोवंश को रखा जाए, अगर पैसे की कमी है तो में अपने विधानसभा क्षेत्र की गौशालाओं के लिए विधायक नीधि देने को तैयार हूं। गोवंश किसानों की फसल चौपट कर रही है।

**बाबू जंडेल**
**विधायक श्योपुर**

निराश्रित गौवंश जहां गांव में किसानों की फसल बर्बद कर रही है वहीं शहर में आए दिन लोगों को अपने सिंगो से उछाल कर घायल भी कर रही हैं जिससे कुछ लोगों की मौत भी हो चुकी है। गौवंश को रखने में के लिए जो गौशालाएं कमलनाथ सरकार ने बनाई उन्हें चालू नहीं किया जा रहा है।

**दौलतराम गुप्ता**
**पूर्व नपाध्यक्ष श्योपुर**

### जिम्मेदारों की उदासीनता से उठ रहे कई तरह के सवाल

# लापरवाही: बुर्ज खलीफा की तर्ज पर बीच बाजार में बन रही बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भवन निर्माण के नाम पर नगर पालिका में कितनी उदासीनता लापरवाही और भ्रष्टाचार मचा हुआ है इसकी बानगी मेन मार्केट में देखी जा सकती है जहां नियम आकाश छूती इमारत बनाई जा रही है। व्यवसायिक उपयोग के लिए बनाई जा रही इस बिल्डिंग की चौड़ाई सिर्फ करीब 8 फीट है जो तकनीकी हिसाब से किसी भी सूरत में सुरक्षित नहीं मानी जा सकती और आश्चर्य की बात तो यह भी है कि नगर पालिका क्षेत्र में सरकार द्वारा दी जाने वाली अधिकतम 500 वर्ग मीटर की ऊंचाई (तीन मंजिला) वाली गाइडलाइन के विपरीत यह यह बिल्डिंग दो गुनी (लगभग 1000 वर्ग मीटर) ऊंचाई तक निर्माण हो चुकी है लेकिन ना तो उक्त बिल्डिंग के नियम विरुद्ध निर्माण को कोई रोकने पहुंचा है न ही किसी ने भवन स्वामी से परमिशन मांगी। आकाश छूती इमारत छोटे से भूभाग पर बना देने से आसपास रहने वाले मकान मकान मालिकों, दुकानदारों में दहशत व्याप्त हो गई है उन्हें डर है कि कभी कोई अनहोनी हो गई तो बिल्डिंग के साथ वो भी चपेट में आ जाएंगे। भीड़भाड़ भरे बाजार में अगर अनहोनी हुई तो नजारा क्या होगा अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है। इस मामले में सीएमओ आरआर यादव ने आरआई को भेजकर जानकारी मांगने ओर नोटिस जारी करने की बात कही है।



### राजीव गांधी मेमोरियल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

# शिक्षा दान महादान है और इसे दान करने वाले देवता समान हैं: रितेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शिक्षा दान महादान है और इसे दान करने वाले देवता समान हैं। इसीलिए शिक्षकों को अब राष्ट्र विधाता भी बोला जाने लगा है। इस पेशे में लगे लोग अपना काम व्यवसाय समझकर नहीं अपितु सेवा समझकर करें। यह बात राजीव गांधी मेमोरियल स्कूल बड़ौदा के वार्षिकोत्सव अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश तोमर ने स्कूल के विद्यार्थियों के अच्छे रिपोर्ट कार्ड पर शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कही।

राजीव गांधी मेमोरियल स्कूल बड़ौदा में बार्षिक गतिविधियां आयोजित की गई जिनका अवलोकन स्कूल डायरेक्टर रितेश तोमर ने किया इस तारतम्य में आयोजित हुए "विज्ञान प्रश्नमंच प्रतियोगिता" में प्रथम स्थान स्मिता मीणा, सुमित मीणा( कक्षा 10) द्वितीय स्थान पर भूमिका दुधाने, ऋषिका सक्सेना (कक्षा 12) एवं तृतीय स्थान पर आदित्य आर्य, अनुज जाट (कक्षा12) की टीमें रहीं। विद्यालय संचालक रितेश तोमर एवं प्राचार्य दिनेश गुप्ता ने सभी विजेता टीमों को बधाई देते हुए पुरुस्कार वितरित किये एवं कार्यक्रम संचालन करने वाले सभी शिक्षक गणों का धन्यवाद ज्ञापित किया।




### कलेक्टर ने आधा दर्जन ग्रामों का भ्रमण कर जानी शासन की योजनाओं की जमीनी हकीकत

# कटेगा तीन सीएचओ का वेतन, निलंबित होगा पंचायत सचिव, कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने गुरूवार को बडौदा तहसील के पांडोला, ललितपुरा, कलमुंडा, कुहांजापुर, राधापुरा,मकडावदा कलां का भ्रमण कर शासन की योजनाओ की मैदानी हकीकत जानी। इस दौरान अनुपस्थित मिले पाण्डोला सीएचओ रमा यादव एवं मकडावदा सीएचओ प्रियंका व्यास का 15-15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं 70प्लस आयुष्मान की कम प्रगति पर कुंहाजापुर सीएचओ अशोक कुमार का सात दिवस का वेतन काटने के निर्देश बीएमओ बडौदा को दिये। जबकि अनुपस्थित पाए गए ग्राम पंचायत राधापुरा के सचिव मधुसूदन जाट के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग पर कुंहाजापुर में हाईस्कूल की स्थापना का प्रस्ताव भेजने के निर्देश डीईओ को दिये गये।

कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान ग्राम ललितपुरा में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया।साथही मिडिल स्कूल का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं एवं मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने भोजन को चखा, पाया गया कि मध्यान्ह भोजन मैन्यू अनुसार बना था, लेकिन बच्चों की संख्या के मान से कम मात्रा में मध्यान्ह भोजन बनाये जाने पर झलकारी स्वसहायता समूह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। ग्राम कलमुण्डा में आंगनबाडी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान आंगनवाडी कार्यकर्ता अवकाश पर पाई गई तथा आंगनबाडी गतिविधियां ठीक तरह से संचालित नही होने, बच्चों को पोषण आहार प्रदाय नही करने पर सहायिका सुमित्रा बाई का 15 दिवस का वेतन काटने तथा समूह को हटाने के निर्देश महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिये गये। मिडिल स्कूल के निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन का अवलोकन किया गया और चखते हुए एमडीएम की गुणवत्ता जांची। मकडावदाकलां के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने यहां के आंगनबाडी केन्द्र की व्यवस्थाएं भी देखी। शासकीय अनुसूचित जनजाति कन्या आश्रम मकडावदा कलां के निरीक्षण के दौरान छात्राओं की संख्या 13 पाये जाने पर अधीक्षिका मीना राठौर को अधीक्षिकीय पद से मुक्त करने के निर्देश आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों को दिये गये। इसी प्रकार परिसर में पंचायत द्वारा बनाये गये अनुपयोगी शैड पर संबंधित उपयंत्री खुशीर अहमद को कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।



# समाज को नया आयाम देने में अपनी भूमिका निभाएं:उईके



**श्योपुर।** सहकारी क्षेत्र से जनमानस को जोडने का कार्य किया जायें। सभी के मिलजुलकर कार्य करने को ही सहकारिता कहते है। संस्थाओं के प्रबंधक, सदस्य तथा सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोग आगे आकर समाज को नया आयाम देने में अपनी भूमिका निभायें। समाज के सभी वर्गो तथा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का उत्थान ही सहकारिता का उद्देश्य है।

यह बात संयुक्त आयुक्त सहकारिता चंबल संभाग मुरैना अनिता उईके ने गुरूवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत सहकारिता विभाग एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित मुरैना-श्योपुर के संयुक्त तत्वाधान में बायपास रोड स्थित पर्यटक भवन पर आयोजित सहकारी सम्मेलन को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सहायक आयुक्त एवं प्रशासक जिला सहकारी संघ भास्कर शर्मा ने कहा कि सहकारी संस्थाओं से जुडे हुए व्यक्ति एवं प्रतिनिधि सहकारिता के माध्यम से समाज को नई दिशा प्रदान कर कर सकते है,। इस अवसर पर जिला विपणन अधिकारी सतेन्द्र सिंह, फूड आफिसर संजीव शर्मा, ईफको के क्षेत्रीय प्रबंधक हरेराम बिरला, नागरिक बैंक की प्रबंधक, उपप्रबंधक सुमन शर्मा एवं लक्ष्मीकांत गुप्ता, अध्यक्ष सहकार भारती सतीश व्यास, सांसद प्रतिनिधि बाबू सिंह यादव, हरिओम गुर्जर, श्रीनिवास त्यागी,रमेश गुप्ता, कॉपरेटिव नोडल दिनेश गुप्ता,रामजीलाल सगर, नितिन तिवारी आदि द्वारा भी सहकारिता पर अपने विचार व्यक्त किये गये। सम्मेलन का संचालन सीईओ जिला सहकारी संघ कमलेश कुमार पाठक ने किया। इस दौरान सहकारी संस्थाओं के प्रबंधक, सदस्य, प्रवर्तक आदि उपस्थित रहें।

# विधायक को गाली देने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शिवपुरी जिले की विधानसभा पोहरी क्षेत्र से विधायक कैलाश कुशवाहा को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी देने ओर गाली गलौज करने वाले नामजद व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के लिए कांग्रेसियों ने विजयपुर तहसील का घेराव कर नारेबाजी की और एसडीएम अभिषेक मिश्रा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

विजयपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरकिशन कुशवाह के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि पोहरी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस दल से विधायक निर्वाचित कैलाश कुशवाह विधायक के साथ मोबाइल पर आदतन अपराधि प्रभात रावत निवासी ग्राम पंचायत सिंह निवास द्वारा 7 दिसंबर को रात्रि में लगभग साढ़े आठ बजे मोबाइल नंबर 8871687113 से एवं अन्य दो नंबरों से तथा समय 9 बजकर 07 मिनिट पर रवि रावत के मोबाइल नंबर 96859-41621 से तथा पवन रावत के मोबाइल नंबर 9993280993 से जान से मारने की धमकी दी गई है। यह अपराधि शिवपुरी का जिला बदर बदमाश है फिर भी शिवपुरी शहर में खुलेआम घूम रहा है। ओर विधायक जैसे जनप्रतिनिधि को जान से मारने की धमकी दे रहा है जिससे विधायक की जान को खतरा उत्पन्न हो गया है। इस धमकी के बाद शिवपुरी जिले में कानून व्यवस्था पर से लोगों का भरोसा न उठे इसके लिए आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। ज्ञापन कांग्रेस नेता महेश कुशवाह ने पढ़कर सुनाया।




### हेलमेट न लगाने वाले बाइक सवारों को एसपी ने दिलवाई हेलमेट लगाने की शपथ

# जागरुकता लाने सड़क पर उतरे एसपी, हेलमेट लगाने वालों को भेंट किया गुलाब, पहनाई माला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

लोग बाइक चलाने के दौरान हेलमेट का उपयोग करें,इस दिशा में जागरूकता लाने के लिए पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने गुरूवार को न सिर्फ हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ अभियान का शुभारंभ किया,बल्कि खुद सडक पर उतरकर हेलमेट लगाकर बाइक चलाने लोगो को गुलाब का फूट भेंट और माला पहनाकर उनका सम्म्मान किया। साथही उनसे कहा कि वे हेलमेट लगाने की इस तरह की जागरूकता अपने परिजनों सहित मित्रों में भी फैलाए।

दरअसल जिले की सडकों पर आए दिन सडक हादसे घटित हो रहे है। जिनमें बाइक सवार लोगों की मौत का सबसे बडा कारण हेलमेट का न लगाना सामने आ रहा है। इसलिए पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने इस दिशा में गंभीरता दिखाते हुए यातायात थाना प्रभारी समेत कोतवाली थाना प्रभारी को भी को हेलमेट के प्रति वाहन चालको को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथही 11 दिसंबर से 31 दिसंबर तक हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ अभियान भी शुरू कर दिया गया। इस अभियान का शुभारंभ करने के लिए एसपी गुरूवार को यातायात थाने पर पहुंचे,जहां सडक पर हेलमेट लगाकर गुजर रहे बाइक सवार लोगो को एसपी ने रोका और उन्हें गुलाब भेंट कर और माला पहनाकर उनका सम्मान करते हुए कहा कि हेलमेट के प्रति आपकी जागरूकता सराहनीय है। यह जागरूकता अपने परिजनों के साथ अपने मित्रजनों और मोहल्लेवासियों में भी फैलाए। लेकिन जो बाइक सवार बिना हेलमेट थे,उन्हें यातायात थाना परिसर में बैठाकर हेलमेट लगाने की समझाइस देते हुए एसपी ने कहा कि सडक पर सुरक्षित सफर के लिए हेलमेट जरूरी है। इसलिए बाइक चलाने के दौरान आवश्यक रूप से हेलमेट का उपयोग करें। इसके बाद उन्हें हेलमेट लगाने की शपथ भी दिलाई गई। साथही एसपी ने यह भी निर्देश दिए कि शुक्रवार से हेलमेट को लेकर चैकिंग अभियान संचालित करते हुए जुर्माने की कार्रवाई भी की जाए। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक अखिलेश शर्मा, यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत सहित यातायात थाना स्टाफ मौजूद था।



#### 31 तक चलेगा अभियान

बइक सवार लोगों में हेलमेट लगाने के प्रति जागरूकता लाने के उद्धेश्य से पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश पर श्योपुर पुलिस के द्वारा गुरूवार से शुरू किया गया हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा। इस अभियान के दौरान पुलिस शहर में प्रतिदिन विभिन्न स्थानों पर चैकिंग प्वाइंट लगाते हुए हेमलेट चैक करेगी। यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत का कहना है कि 21 दिवसीय अभियान के दौरान कोई भी बाइक सवार बिना हेलमेट पकडा जाएगा,तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी,ऐसे में लोग जागरूकता दिखाए और हेलमेट का उपयोग करें।

#### हेलमेट न लगाने से दो साल में हुई 104 बाइक सवारों की मौत

जिले में दो साल के भीतर घटित हुए सडक हादसो के दौरान 104 बाइक सवार लोगों की मौत हेलमेट न लगाने के कारण हुई है। पुलिस के मुताबिक वर्ष 2024 में जिले की सडकों पर 152 सडक हादसे घटित हुए थे,जिनमें बिना हेलमेट वाहन चलाते हुए 59 लोगों की जान चली गई। इसी तरह वर्ष 2025 में अभी तक 160 सडक दुघर्टनाओं में 45 लोगों की मौत हेलमेट न लगाने की वजह से हो गई। पुलिस के अधिकारियों का मानना है कि यदि ये लोग हेलमेट लगाए होते तो सडक हादसो के दौरान इन लोगों का जान बच सकती थी। इसलिए बाइक सवारों को बाइक चलाने के दौरान हेलमेट लगाना जरूरी है।

### जिला शहरी विकास अभिकरण अधिकारी ने लिया जायजा

# नपा इंजीनियर ने जिस डीपीआर में पात्र बताए,जांच में अपात्र मिल रहे वो हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अपना घर बनाने की उम्मीद में जिन लोगों ने पीएम आवास योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किए हैं उन हितग्राहियों के आवेदनों की जांच कर लेने के बाद नपा उपयंत्री ने पात्र करार देते हुए डीपीआर भोपाल भेज दी थी और उक्त डीपीआर में चयनित हितग्रहियों की जांच कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा कराए जाने पर जांच में बड़ी संख्या में हितग्राही अपात्र मिल रहे हैं। पटवारी के माध्यम से कराई जा रही जांच पर अपात्र ठहराए जा रहे हितग्राहियों द्वारा प्रश्न उठाए जाने के बाद कलेक्टर के निर्देश पर जिला शहरी विकास अभिकरण अधिकारी विजय शाक्य ने गुरुवार को संबंधित हितग्राहियों के घरों पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

प्रधानमंत्री आवास योजना में ऑनलाइन आवेदन करने के बाद अब हितग्राहियों को आवास बनाने के लिए जमीन का मालिकाना हक होना जरूरी कर दिया है। जिसके चलते ऐसे हितग्राही जो आवास योजना में तो पात्र हो गए हैं लेकिन उनके पास मकान बनाने के लिए रजिस्ट्री, पट्टा इत्यादि नहीं है ऐसे हितग्राहियों को मकान बनाने के जमीन का पट्टा भी कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर दिए धारणाधिकार योजना के तहत दिए जाने का अभियान भी चलाया जा रहा है लेकिन इसके लिए संबंधित हितग्राही के पास मौके पर जमीन होना चाहिए जिसका उसे पट्टा दिया जा सके। उधर जांच में कई कमियां भी मिल रही है जिससे हितग्राही पात्र होकर भी अपात्र घोषित किए जा रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### खुले ट्रांसफार्मर से हादसे में 2 गौवंश की मौत

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर ईसागढ कस्बे में एक खुले ट्रांसफार्मर के तारों से निकले करंट की चपेट में आने से 2 गौवंश की मौत हो गई। यह घटना तहसील कार्यालय के सामने सड़क किनारे लगी डीपी में हुई। इस तरह की कई डीपी जिले भर में अनेक जगह देखी जा सकती हैं। जिस जगह यह हादसा हुआ है वहां लोगों की भीड़ बनी रहती है आसपास दुकाने लगीं हैं। कई बार अधिकारियों की बैठक में यह मामला भी उठाया जा चुका है उसके बाबजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

### जिले को प्राप्त हुई आई.पी.एल. कंपनी यूरिया की रैक

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिले के कृषकों की मांग अनुसार रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सतत की जा रही है। जिले को आई.पी.एल. कंपनी की यूरिया की रैक प्राप्त हुई है। रैक से 2225 मे.टन यूरिया प्राप्त हुआ है। डबललॉक केन्द्र अशोकनगर को 731 मे.टन, डबललॉक केन्द्र मुंगावली को 250 मे.टन, डबललॉक केन्द्र पिपरई को 250 मे.टन, डबललॉक केन्द्र ईसागढ़ 100 मे.टन, डबललॉक केन्द्र नईसरायं 100 मे.टन, डबललॉक केन्द्र चन्देरी 100 मे.टन, एम.पी. एग्रो अशोकनगर 94 मे.टन यूरिया प्रदाय किया गया है। रैक से प्राप्त उर्वरक यूरिया जिले की 10 सेवा सहकारी समितियों की मांग अनुसार 250 मेट्रिक टन उपलब्ध कराया गया है। सेवा सहकारी समिति अमरोद, बरखेड़ा, महीदपुर, तारई, गदूली, बीलाखेड़ी, हिरावल, रामनगर, प्राणपुर, डोंगर को 25-25 मेट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है। अशोकनगर के निजी विक्रेताओं को महाकाल ट्रेडर्स 50 मेट्रिक टन, श्री कृष्णा कृषि क्लीनिक 300 मेट्रिक टन कुल 350 मेट्रिक टन यूरिया प्रदाय किया गया है।

### मारपीट की घटनाओं के दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सावन निवासी सुशीला बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र और दिलीप अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## भगवान का जन्मोत्सव आयोजन के साथ पंच कल्याणक महोत्सव

# पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में महाराजा नाभिराय का दरबार सजा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पूज्य पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में यहां आयोजित किए जा रहे पंच कल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव में कार्यक्रमों की शुरूआत भगवान की शांतिधारा, अभिषेक और पूजा पाठ के साथ हुई। इस मौके पर याग मण्डल विधान का आयोजन किया गया, इस मौके पर पंच कल्याणक महोत्सव के पात्रों और इन्द इन्द्रानियों ने अर्घ समर्पित किए। यह सम्पूर्ण आयोजन प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया के द्वारा सम्पन्न कराया जा रहा है जिसमें सहयोगी के रूप में मुकेश भैया हैं।

### नाभिराय का दरबार सजा

इस मौके पर रात्रि में महाराजा नाभिराय का दरबार सजाया गया। इस मौके पर महाराजा नाभिराय द्वारा प्रधानमंत्री और सेनापति से चर्चा की गई। माता मरूदेवी का सभा में आगमन हुआ, यहां माता को आए 16 स्वपनों की चर्चा की गई। 16 स्वपनों का आना किसी बड़ी घटना का सूचक है, 16 स्वपनों के फलादेस के बारे में चर्चा की गई। जिसमें कहा गया कि किसी महान बालक का जन्म होने वाला है माता को तरह तरह के स्वपन आते दिखाए गए। इस दौरान 56 कुमारियों द्वारा माता के दरबार में नृत्य किए गए और उस भव्य घड़ी का इंतजार किया गया। जिस भव्य घड़ी में बालक आदिकुमार का जन्म होना है।

### शहर के कई मार्गों से निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

गुरुवार का दिन अशोकनगर के इतिहास में एक नया सवेरा लेकर आने वाला है। जब तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ के श्री सानिध्य में आयोजित हो रहे पंचकल्याणक महामहोत्सव में तीर्थंकर बालक का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। प्रातः 8: 01 बजे तीर्थंकर बालक का जन्म होगा और उसके बाद प्रातः 9 बजे से जन्मकल्याणक की महा शोभायात्रा अयोध्या नगरी, पुरानी गल्ला मंडी से प्रारंभ होगी। इस मौके पर घर घर द्वार द्वार तोरन द्वार सजाए गए हैं, रंगोलिया बनाई गईं हैं। तीर्थंकर बालक नगर मैं प्रथम बार प्रवेश होगा, यह आयोजन शोभायात्रा के साथ होगा। शोभायात्रा मैं 2 हाथी जिस पर सौधर्म इंद्र तीर्थंकर बालक को लेकर आरूढ होगें। लगभग 30 बग्गियों पर पंचकल्याणक के पात्र सवार होंगे। कई महिला संगठनों की अद्भुत प्रस्तुति शोभायात्रा की शोभा को और भी द्विगुणित करेगी। सेमारी का बैंड भी इस शोभा यात्रा में पहुंचेगा। इसके अलावा कई बैंड एवं डी.जे. पर प्रभु भजनों और गीतों का आयोजन किया जाएगा।



आप सभी इस महा शोभायात्रा में अवश्य पधारें और तीनों लोकों के अधिपति प्रथम शासन नायक ऋषभदेव के जन्मकल्याणक महामहोत्सव के अदभुत पलों के साक्षी बनें और पुण्यसंचय करें। शोभायात्रा गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर पछाड़ी खेड़ा चैराहा, छोटे ब्रिज से गांधी पार्क, पुराना बाजार, प्रोसेशन रोड, सुराना चैराहा, इंदिरा पार्क, सुभाष गंज, स्टेशन रोड होते हुए पुनः गल्ला मंडी में पहुंचेगी। जहां पहुंचकर भगवान का जन्माभिषेक होगा। इस मौके पर गरीबों को वस्त्र वितरण किए जाएगें।

### धर्मात्मा से ही होती है धर्म की पहचान

इस अवसर पर पंच कल्याणक महा महोत्सव की विशाल धर्मसभा को संबोधित तीर्थ चक्रवर्ती मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी धर्म की पहचान धर्मात्मा से होती है धर्मात्मा को देख कर धर्म को पहचाना जाता है। त्याग का महत्व है क्रिया का महत्व है हम अपना मन गन्दा नहीं करेंगे और न औरो का मन गन्दा करेंगे। प्रातः काल ब्रह्म मुहूर्त कहलाता है प्रातः चार बजे से सूर्य उदय तक सबसे शुद्ध होते हैं जिसे प्रत्यूष काल कहा जाता है यह बहुत पवित्र और पावन होता है। आप इस मुहूर्त में जो भी करेंगे बहुत शुभ होगा। ब्रह्म मुहूर्त प्रथम प्रहर में भरत चक्रवर्ती ऐसे वातावरण में रहता था जिससे मन पवित्र रहे। मंगलाचरण करो यदि तुमने मंगलाचरण कर लिया तो कोई ग़लत विचार आ गया तो भी दुसरे को बुरा नहीं होगा।

### भगवान के अवतरण का महापर्व

जैन समाज में जन्म कल्याणक का अर्थ है किसी तीर्थंकर के जन्म के समय होने वाली शुभ घटनाएं। पहली और सबसे महत्वर्पूण है जिसमें देवगण और प्रकृति मिलकर बालक का जन्मोत्सव मनाते हैं। इन्द्रो के आसन कंपायमान होते हैं। कुबेर नगरी सजाते हैं और सुमेरू पर्वत पर 1008 कलशों से अभिषेक करते हैं जिसमें 3 लोकों में आनंद और प्रकाश फैल जाता है। यह एक दिव्य उत्सव है जो भगवान के अवतरण के साथ शुरू होता है और आगे चलकर दीक्षा,ज्ञान और मोक्ष कल्याणकों के रूप में मनाया जाता है जो आत्मा की पूर्ण शुद्धि का प्रतीक है।

#### खास बातें

- **देवों का आगमन :** भगवान के जन्म लेते ही स्वर्ग के इन्द्रों के आसन हिलने लगते हैं, वे जान जाते हैं कि तीर्थंकर का जन्म हुआ है, और सभी देवगण, इन्द्रों के नेतृत्व में, उत्सव मनाने पृथ्वी पर आते हैं।
- **जातकर्म दिक्कुमारी देवियाँ प्रसूतिगृह में** जाकर मायामयी पुतला रखकर भगवान को इन्द्र की गोद में देती हैं। इन्द्र 1000 नेत्रों से उनका सौंदर्य निहारते हैं।
- **ऐरावत पर यात्रा :** इन्द्र, ऐरावत हाथी पर बालक को सुमेरु पर्वत की ओर ले जाते हैं।
- **सुमेरु पर अभिषेक :** पाण्डुक शिला पर, क्षीरसागर के जल से भरे 1008 कलशों से भगवान का अभिषेक किया जाता है, (इसे श्अभिषेकश या श्जन्माभिषेकश कहते हैं) .
- **नगर प्रवेश और उत्सव :** बालक को वस्त्र-आभूषण पहनाकर नगर में धूमधाम से लाया जाता है, जहाँ देवों सहित भव्य उत्सव मनाया जाता है।
- **प्राकृतिक प्रभाव :** जन्म के समय तीनों लोकों में प्रकाश फैलता है, शीतल, सुगंधित वायु चलती है।
- **कल्याणक का महत्व :** यह सिर्फ जन्मदिन नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक घटना है जो आत्मा के शुद्ध होने और मुक्ति के मार्ग पर अग्रसर होने का प्रतीक है।

### स्वयं का पुण्य स्वंय का विनाश कर रहा है




उन्होंने कहा कि स्वयं के पुण्य का स्वंय का पुण्य विनाश कर रहा है मैं अपनी खुद को वर्वाद नहीं करूंगा। दुनिया मार डाले तो कोई बात नहीं घवराना मत, मैं अपने आप से आत्मघात नहीं करुंगा। मैं अपने धन से गुटखा तंबाकू खा कर अपने जीवन को वर्वाद नहीं करूंगा। भुज के अंदर जब भूकंप आया तो बहुमंजिला इमारतों में रह रहे थे वह दबकर मर गए और सामने जो झोपड़ी में रहने वाले थे वह बच गये। कभी भगवान को गालीयां मत देना।

# समाज में एक जुटता से परिवर्तन संभवः उमरैया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकास खंड में गुरुवार को बीना सेक्टर के ग्राम कोरजा में समिति की साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया, जिला समन्वयक केके मिश्रा, विकास खंड समन्वयक नीरज शर्मा, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक, समाज सेवक आदि सम्मिलित हुए।

उपस्थित लोगों व समिति सदस्यों को संबोधित करते हुए संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जल संचय, वृक्षारोपण, नशामुक्त समाज एवं समाज में एक जुटता के लिए सभी की सहभागिता पर सभी आपसी सहयोग के आवश्यकता की बात कही। साथ ही कुटुंब प्रबोधन के विषय पर भी प्रकाश डाला। ग्रामों में समाजिक सहयोग के साथ बालिका शिक्षा एवं उनके जन्म को उत्सव के साथ मनाने की बात कही। जिला समन्वयक केके मिश्रा प्रस्फुटन समितियों के उद्देश्य और कार्यों की चर्चा की।

समन्वयक नीरज शर्मा ने अतिथियों का परिचय कराया और समिति के कार्यों के बारे में अधिकारियों को अवगत कराया। इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी प्रताप सिंह यादव, नवांकुर संस्था अंजनी रत्न सेवा समिति से देवेंद्र राय, नवांकुर संस्था तरुण संस्कार के प्रतिनिधि सुधीर, परामर्श दाता प्रमोद,प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष भैरों सिंह सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# रजक समाज ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर न्याय की मांग रखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

मालथोन थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा लोधी में 18 नवंबर को रजक समाज की छात्रा द्वारा आत्महत्या के मामले में अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर आज रजक समाज सेवा समिति के नेतृत्व में समाजजन तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार अंबर पंथी को मुख्यमंत्री एवं पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्रा को प्रताड़ित करने वाले दोनों युवकों की शीघ्र गिरफ्तारी, कठोर कानूनी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई गई।

समाज ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है, जिससे समाज में रोष व्याप्त है। राजकुमार रजक कहा कि ज्ञापन के माध्यम से आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी और मामले में ठोस कार्रवाई की मांग रखी गई है। समाजजनों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

तहसीलदार ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में राजकुमार रजक (अध्यक्ष रजक समाज सेवा समिति), रतनलाल रजक, संतोष सोलंकी, अजय रजक, राजेश रजक, हृदेश मालवीय, रोशन रजक, संजय रजक, विनोद सोलंकी, सौरभ रजक, हेमंत रजक, अंकित रजक, हरचरण रजक, वीरेंद्र रजक, मंगेश रजक, सहित बड़ी संख्या के समाज के लोग उपस्थित रहे।

# वार्ड 14 में 20 लाख की लागत से बनेगी सीसी सड़क व नाली

## नगर पालिका अध्यक्ष ने पार्षदों के साथ किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में बुधवार को वार्ड क्रमांक 14, सरस्वती स्कूल के पीछे स्थित गली में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह निर्माण कार्य लगभग 20 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा।



भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने वार्ड पार्षद शशि गोपाल ओझा सहित अन्य पार्षदों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, गोपाल ओझा, पार्षद डॉ. जयमंडल यादव, प्रमेन्द्र तायडे जॉर्ज, विपिन शिवहरे, मोनू रघुवंशी, धर्मेंद्र रघुवंशी खेजरा, राजकुमार यादव नगेश्री, योगेश खेरा, मनीष धुरेंटे, सतपाल लोधी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, उपयंत्री गौरव ठाकुर एवं वार्डवासी मौजूद रहे। स्थानीय निवासियों ने बताया कि लंबे समय से सड़क और नाली निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा और वार्ड की तस्वीर बदलेगी।

# यूरिया के अवैध परिवहन करने पर एफआईआर दर्ज

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी करने पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में तहसीलदार रोहित रघुवंशी के नेतृत्व में आर.आई. आर.सी. परिहार, एस.ए.डी.ओ. मुकेश रघुवंशी, ए.ई.ओ. पूनम चन्द द्वारा 03 दिसम्बर को बहेरिया तिराहा ईसागढ़ पर यूरिया उर्वरक की जिला अशोकनगर में रैक लगी होने के कारण सामान्य चैंकिंग की गई थी। यूरिया का अवैध रूप से परिवहन करने पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मुकेश रघुवंशी द्वारा थाना ईसागढ़ में एफआईआर दर्ज कराई गई। उल्लेखनीय है कि चैकिंग के दौरान गाडी क्रमांक एमपी 08 जेडी 1343 जिसमें एन.एफ.एल. कंपनी के यूरिया उर्वरक के 80 बैग, प्रति बैग 45 कि.ग्रा. भर्ती के तथा गाडी क्रमांक एमपी 67 जी 1666 में जिसमें एन.एफ.एल. कंपनी के यूरिया उर्वरक के 70 बैग, प्रति बैग 45 कि.ग्रा. भर्ती के भरे हुये थे जिनको रोककर वाहन चालकों जितेन्द कुमार पुत्र रामेत शर्मा उम्र 27 वर्ष निवासी पछाडीखेडा रोड अशोकनगर एवं श्रवण पुत्र दयाराम जाटव उम्र 27 साल निवासी पिपरोदा उवारी थाना मायापुर जिला शिवपुरी से भरे उर्वरक के संबंध में कागजात मांगे गये तो वह कोई कागज प्रस्तुत नहीं कर पाये तब मौके पर दोनों वाहनों के कोई कागज प्रस्तुत न करने के संबंध में एवं वाहन जप्त करने के संबंध में पंचनामा तैयार कर वाहनों को सुरक्षार्थ ईसागढ़ थाना भिजवाये गये। नायब तहसीलदार ऋतु परमार एवं आर. आई. आर.सी. परिहार, चैकीदार हीरा को बमनावर तरफ चैकिंग के लिये भेजा गया तो बमनावर के पास गाडी क्रमांक एमपी 07 जीए 7812 खड़ी हुई पाई गई। जिसको चैक करने पर उसमें एन.एफ.एल. कंपनी के प्रति बैग 45 कि. ग्रा. भर्ती के 90 बैग भरे हुये पाये गये।

# रामचरितमानस हमको जीवन जीने की कला सिखाता हैः देवमुरारी बापू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नईसराय सुरई मैदान में श्री राम कथा वाचन करते अंतरराष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा कि रामचरितमानस हमें जीवन जीने की कला सिखाता है और दर्पण की तरह सच्चाई बताने वाला ग्रंथ है।

उन्होंने कहा कि सत्संगी की महिमा सुनते हुए कहा जीवन के सभी कार्यों को करते हुए सत्संग अवश्य सुनना चाहिए इससे निर्मल ज्ञान की प्राप्ति होती है और मोक्ष का साधन भी सुलभ होता है। व्यक्ति सत्कर्म, यज्ञ, जप,दान भी करता है लेकिन सत्संग के माध्यम से सुलभता से मोक्ष को प्राप्त हो जाता है। रामचरितमानस की महिमा बताते हुए कहा जिस दिन व्यक्ति चरित्रवान बन जाता है वह राम के समान कहलाता है।

तुलसीदास जी ने उदाहरण देते हुए मनुष्य और राम की बराबरी में चरित्र रूपी कांटा बताया है और साथ ही यह भी कहा कि राम जी की कृपा के बिना आज सत्संग सुलभ नहीं हो सकता। गुरु और संतों की कृपा से ही सदमार्ग का रास्ता प्रशस्त होता है। प्रथम दिन सभी देवी देवताओं का बंदन कर आशीर्वाद लेने की परंपरा का निर्वहन करने के लिए बताया गया। गुरु वंदना करते हुए आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा कि जिस तरह से कमल में गुण स्वभाव और क्रिया तीन विशेषताएं होती हैं इसी तरह गुरु के जीवन में भी गुण स्वभाव और क्रिया होती है गुरु का कोई अपमान करता है तो बुरा नहीं मानते और सम्मान करते हैं तो ज्यादा प्रसन्न भी नहीं होते ऐसे गुरु के लक्षणों के बारे में विस्तार से बताया। कथा के अंत में हनुमान जी के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि राम जी की कृपा हो और राम जी की शरण में हो तो हनुमान जी की तरह व्यक्ति का सारी दुनिया में यश फैल जाता है और राम जी की कृपा प्राप्त करने में सक्षम हो जाता है इसलिए हनुमान जी को प्रथम श्रोता मानकर ही संपूर्ण राम कथा सुनाना चाहिए। इसके साथ ही हनुमान जी का भक्ति में भजन सुनते हुए आरती के पश्चात कथा को विश्राम दिया कथा इस मौके पर कथा के व्यवस्थापक व आज के यजमान सुरेश सिंह रघुवंशी डुंगासरा वाले ने रामचरितमानस की पूजा अर्चना की और आरती उतारी।



### 5 किलोमीटर दौड़ में टीएव्ही स्कूल के आर्यन बागड़ी प्रथम

**मुंगावली।** ब्लॉक स्तरीय सासंद खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन मुंगावली में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 100 मीटर में जूनियर बालक राहुल तिवारी प्रथम स्थान और द्वितीय स्थान पर आदर्श अहिरवार अचलगढ़ और तृतीय स्थान पर अंतरिक्ष राजपूत मॉडल स्कूल रहा। इसी प्रकार 100 मीटर बालिका में जूनियर वर्ग में मौसमी यादव, बहादुरपुर प्रथम स्थान और द्वितीय स्थान पर राधिका लोधी और द्वितीय स्थान पर रही रितिका यादव बहादुरपुर। 100 मीटर सीनियर में राधिका अहिरवार और 5 किलोमीटर जूनियर में बालक में आर्यन बागड़ी प्रथम और मोहित सांसी दूसरे स्थान पर रहे। 5 किलोमीटर सीनियर वर्ग में गोपाल धनक प्रथम स्थान और बलराम अहिरवार बहादुरपुर सेकंड स्थान पर रहे। गोला फेंक में बालिका वर्ग में दिव्या अहिरवार बहादुरपुर प्रथम स्थान पर और रश्मि यादव द्वितीय स्थान पर रही गोला फेंक सीनियर में किसी ने भाग नहीं लिया। लंबी कूद जूनियर मैं प्रथम स्थान राहुल तिवारी और आदर्श अहिरवार अचलगढ़ द्वितीय स्थान पर रहे। लंबी कूद सीनियर में आर्यन बागड़ी प्रथम स्थान और हर्ष क्रिकटा द्वितीय स्थान पर रहे। आज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट सांसद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र दांगी, एड के एल कुशवाहा उपस्थित रहे। प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को मेडल बनाकर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम को करने में विशेष रूप से ब्लॉक खेल अधिकारी मनोज राठौर, शिक्षक अंसार खान जमीदार, सलीम खान अचलगढ़, आशीष चिंडारिया, पवन पाल, प्रदीप लोधी, संतोष ककुशवाहा,महेंद्र प्रताप सिंह, खेल प्रशिक्षक जावेद खान, बृजेंद्र अहिरवार, शिक्षिका सुजाता श्रीवास्तव, रेनू ओझा, नविता जैन, सहित खिलाड़ी एवं खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# मानव अधिकार से हर व्यक्ति को समानता स्वतंत्रता और सम्मान की है गारंटीः महेश



**करैरा।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय खैराघाट में विश्व मानव अधिकार दिवस का आयोजन बड़े उत्साह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीणा वादिनी मां सरस्वती की तस्वीर एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर रोली अक्षत से तिलक लगा कर एवं सरस्वती वंदना गायन कर किया गया । कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए प्रभारी बीएसी महेश कुमार लोधी ने कहा कि विश्व मानव अधिकार दिवस हर व्यक्ति को समानता, स्वतंत्रता और सम्मान के अधिकार की गारंटी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह दिवस 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्वीकृत मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा (वऊल्ष्फ) की याद में मनाया जाता है, जिसके माध्यम से दुनिया के हर व्यक्ति को समानता, स्वतंत्रता और सम्मान के अधिकार की गारंटी दी गई है। हमें सदैव अपने मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए ।उन्होंने कहा कि मानवाधिकार केवल कानून नहीं, बल्कि एक ऐसा मूल्य है जो समाज को न्यायपूर्ण बनाता है। साला प्रभारी रामचरण गौतम ने कहा कि विश्व मानव मानव अधिकार हमारे अधिकारों की सुरक्षा प्रदान करता है । विद्यालय में मानवाधिकार दिवस से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में रविन्द्र श्रीवास्तव ,कमल किशोर झा उपस्थित रहे।